29 Ambikapur-BHOOMI-pg 1-0_Layout 1 4/29/2024 10:00 PM Page 1


हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]


तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

4 जूनियर डॉक्टरों के भरोसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल का आपातकालीन केंद्र




बवासीर का आधुनिक इलाज

अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा भर्ती की आवश्यकता नहीं

मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है

स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल

लायंस चौक, चाम्पा

गुप्ता हॉस्पिटल

डॉ. शुभम् गुप्ता

गुदा रोग विशेषज्ञ

संपर्क करें :- 7400009183


## सरगुजा व बलरामपुर जिले में घर घर पहुंची टीम

# शतायु पूर्ण कर चुके मतदाताओं ने होम वोटिंग कर किया मतदान के लिए प्रेरित



मतदान दलों को रवाना करते कलेक्टर।



मतदान करता बुजुर्ग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा लोकसभा सीट में सोमवार को होम वोटिंग की शुरुआत हो गई है। पहले दिन सरगुजा व बलरामपुर जिले में मतदान अधिकारियों व पीठासीन अधिकारियों ने घर घर पहुंचकर बैलेट पेपर से मतदान कराया। मतदान के दौरान बलरामपुर जिले में पहले दिन ही शतप्रतिशत लक्ष्य को पूर्ण कर लिया गया है जबकि सरगुजा में दो मतदाता शेष रह गए जिनमें से एक जिले से बाहर है जबकि दूसरे के लिए मंगलवार को पुनः टीम रवाना की जाएगी। होम वोटिंग के दौरान खास बात यह रही कि चलने फिरने में असमर्थ दिव्यांगों के साथ ही शतायु पूर्ण कर चुके बुजुर्गों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। 106, 101 वर्ष पूर्ण कर चुके मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर युवाओं के लिए मिसाल कायम की। बलरामपुर जिले में भी टीम दुर्गम रास्तों से होकर मतदाताओं के घर तक पहुंची जबकि सूरजपुर जिले में होम वोटिंग की तिथि 1 मई निर्धारित की गई है। बता दें कि लोकसभा चुनाव के तहत सरगुजा संसदीय सीट के लिए 7 मई को तीसरे चरण में मतदान होना है। आम चुनाव के तहत होने वाले मतदान से पहले निर्वाचन आयोग ने ऐसे असमर्थ मतदाताओं को घर पर मतदान करने का अवसर दिया है जो मतदान केंद्र तक पहुंचने में असमर्थ है। चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग, 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। जिला निर्वाचन द्वारा होम वोटिंग के लिए पात्र मतदाताओं के फॉर्म भरवाए जा थे। सोमवार को सरगुजा जिले में कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर व बलरामपुर जिले में कलेक्टर आर एक्का ने ने हरी झंडी दिखाकर मतदान दल को रवाना किया। होम वोटिंग की शुरुआत में विधानसभा क्षेत्र अंबिकापुर में 30 वर्षीय दिव्यांग अमर ठाकुर, सीतापुर में 90 वर्षीय बनसो टोप्पो और लुण्ड्रा में 72 वर्षीय दिव्यांग शंकर लाल ने पहला मतदान किया। कलेक्टर होम वोटिंग के कार्य का स्वयं भी निरीक्षण करते हुए 87 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता धरमदेव मिश्रा के घर पहुंचे। जहां मतदान दल द्वारा बुजुर्ग मतदाता को मतदान कराया गया। होम वोटिंग के दौरान मतदान दल दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल चलकर मतदान कराने पहुंचे। जिले के ग्राम पेंडरखी के 88 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता घासीदास मझवार के घर पैदल चलकर मतदान दल पहुंचा। इसी तरह दिव्यांग 49 वर्षीय पंकज गुप्ता, 42 वर्षीय अलोक एक्का ने भी होम वोटिंग के तहत मतदान किया

**खास बात**

- सूरजपुर जिले में 1 मई को होगी होम वोटिंग







### शतायु पार मतदाताओं ने दिखाई सक्रियता

होम वोटिंग के दौरान शतायु पूर्ण कर चुके मतदाताओं ने भी खासा उत्साह दिखाते हुए युवाओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। होम वोटिंग के दौरान सरगुजा जिले में कोसंगा निवासी 101 वर्षीय बुजुर्ग चंद्रमती, 100 वर्षीय बुजुर्ग मतदाता सुकुल एक्का ने भी अपना अमूल्य मतदान किया। वहीं जिले में 90 वर्षीय सहदेई देवी गिरी, 89 वर्षीय बृजभान सिंह, 87 वर्षीय गुलाब देवी, 97 वर्षीय बुजुर्ग परवतिया यादव, 85 वर्षीय बुजुर्ग महिला मतदाता गेदी राउत जैसे कई वयोवृद्ध मतदाताओं ने लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में होम वोटिंग के तहत मतदान किया। वहीं बलरामपुर जिले में शंकरगढ़ विकासखंड चलगली निवासी 106 वर्षीय हबीबुद्दीन ने मतदान किया। बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने लोगों से मताधिकार का उपयोग करने का आह्वान किया।

### 276 ने किया मतदान

लोकसभा चुनाव के तहत होम वोटिंग के लिए सरगुजा लोकसभा के तीनों जिलों में कुल 334 मतदाताओं का चिन्हांकन किया गया है। सरगुजा जिले के तीन विधानसभाओं की बात की जाए तो यहां कुल 166 मतदाता थे जिनमें से 164 दिव्यांग व बुजुर्ग मतदाताओं ने मतदान किया है। सोमवार को हुई होम वोटिंग में लुण्ड्रा विधानसभा में सभी 37 मतदाताओं ने मतदान किया। सीतापुर विधानसभा में 36 में 35 मतदाता उपस्थित रहे। एक मतदाता अनुपस्थित रहे। क्षेत्र से बाहर चले जाने के कारण शेष एक मतदाता द्वारा मतदान नहीं होगा। इस तरह यहां भी वोटिंग पूर्ण हो गई है। अंबिकापुर विधानसभा में 93 मतदाताओं में से 92 द्वारा वोटिंग की गई। इनमें एक मतदाता अनुपस्थित होने के कारण 30 अप्रैल को दल फिर वोटिंग कराने जायेंगे। सरगुजा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत बलरामपुर जिले में 112 मतदाता रहे। यहां शतप्रतिशत मतदान पूर्ण कर लिया गया है। सूरजपुर जिले में 1 मई की तिथि होम वोटिंग हेतु निर्धारित की गई है।



## कबाड़ गोदामों में पुलिस ने दी दबिश 200 किलो लोहे का कबाड़ जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा पुलिस ने कबाड़ व्यवसाय की आड़ में चल रहे अवैध कारोबार के मामले में कार्रवाई की है। तीन ने शहर में संचालित संचालित तीन कबाड़ गोदामों में छापेमार कार्रवाई कर 200 किलो लोहा व 17 नग बैटरी को जब्त किया है। टीम द्वारा मामले में जांच की जा रही है। बता दें कि शहर में संचालित कबाड़ गोदामों में चोरी का सामान खपाने की सूचनाएं लगातार पुलिस को मिल रही थी। ऐसे में एसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आज शहर के बंगाली चौक रिंग रोड स्थित संतोष जायसवाल के कबाड़ दुकान, नमनाकला स्थित कबाड़ गोदाम सहित अन्य स्थानों पर दबिश दी गई। इस कबाड़ दुकान व गोदाम में जांच के दौरान संतोसज जायसवाल व नमनाकला स्थित कबाड़ गोदाम के संचालक अनिल कुमार गुप्ता से पूछताछ की गई। जांच के दौरान संचालक बरामद किए गए संदेहास्पद कबाड़ को लेकर आवश्यक दस्तावेज पेश नहीं कर पाए ऐसे में टीम द्वारा धारा 102 के तहत गोदाम से 200 किलो लोहा का कबाड़ व 17 नग बैटरी को जब्त कर लिया है और मामले की जांच चल रही है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, थाना प्रभारी गांधीनगर अश्वनी सिंह, सउनि कृष्ण कुमार यादव, प्रधान आरक्षक विजय रवि, संतोष कश्यप, आरक्षक चंचलेश सोनवानी, ऋषभ सिंह, पवन यादव, पंकज लकड़ा, दीपक दास शामिल रहे।

- 17 नग बैटरी भी किया गया जब्त, जांच में जुटी पुलिस





## आलिंगन बद्ध नाग जोड़े को देखने उमड़ी भारी भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पीजी कॉलेज मैदान के सामने सड़क किनारे खाली शासकीय भूमि में आलिंगनबद्ध नाग जोड़े को देखने शहरवासियों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान 40 मिनट तक लोग नाग जोड़े के क्रियाकलापों को देखते रहे। सूचना पर स्नेक मैन सत्यम द्ववेदी की टीम पहुंची तथा एक नाग को सुरक्षित पकड़कर ले गई जबकि दूसरा सांप बिल में घुस गया। सोमवार को शाम 6 बजे पीजी कॉलेज मैदान के सामने सड़क किनारे खाली शासकीय भूमि में आलिंगन बद्ध दो जहरीलें सांपों को देखने भारी भीड़ जुट गई। इस दौरान 40 मिनट तक लोग सड़क किनारे खड़े होकर सांपों का क्रियाकलाप देखते रहे। सड़क पर लोगों का जमावड़ा देख लगातार लोग घटनास्थल पर पहुंच रहे थे। खतरे को देखते हुए घटना की सूचना लोगों ने स्नेकमैन सत्यम द्ववेदी को दी। सूचना मिलते ही सत्यम की टीम पहुंची तथा कड़ी मशक्कत के बाद एक नाग को पकड़ा जबकि दूसरा पास की बिल में घुस गया। युवकों ने बताया कि पकड़े गए नाग को वे जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ देंगे। सांप को पकड़ने के बाद उपस्थित लोग वहां से चले गए।

### पुलिस की धौंस दिखा किया युवकों से मारपीट

**अम्बिकापुर।** बाइक में हल्का टक्कर लग जाने पर बाइक सवार ने दो युवकों को पुलिस का धौस दिखा जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से घायल हुए युवकों ने घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर समीप निवासी काशीनाथ राजवाड़े बीती रात मामा ससुर को प्रतापपुर नाका के समीप छोड़ने बाइक से जा रहा था। जैसे ही दोनो बौरीपारा देशी शराब दुकान के समीप पहुंचे तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक से हल्का से टकरा गए। इसी दौरान पुलिस लिखे बाइक सवार ने पुलिस की धौंस दिखाते हुए दोनों की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट से दोनो घायल हो गए और घटना की शिकायत कोतवाली पुलिस से की। शिकायत पर पुलिस रात में घायलों का मुलायजा कराकर जांच शुरू कर दी है।

## खबर संक्षेप

### ज्वेलर्स दुकान से युवक ने पार की सोने की चेन

**अम्बिकापुर।** जेवर दुकान संचालक को ग्राहक बनकर आए युवक ने न सिर्फ बातों में उलझाया बल्कि सोने की चैन खरीदने के बहाने दुकान से लगभग 1 लाख से अधिक कीमत का चैन पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार बरेजपारा निवासी विशाल सोनी आ. स्व. नंद किशोर सोनी (30 वर्ष) देवीगंज रोड में ज्वेलर्स दुकान का संचालन करता है। शनिवार की दोपहर दुकान में था । इसी दौरान एक अज्ञात व्यक्ति खरीदारी करने पहुंचा और सोने का चैन दिखाने को कहा। संचालक सोने का चैन दिखाने लगा तभी अज्ञात व्यक्ति दुकान संचालक को बातों में कुछ देर तक उलझाए रखा फिर लगभग 1 लाख से अधिक कीमत के सोने का चैन लेकर चला। चैन चोरी होने की जानकारी दुकान संचालक को तब लगी जब सोने का चैन मिलान किया तो एक चैन गायब था। संचालक ने दुकान में रखे सीसीटीवी कैमरा का फुटेज देखा तो अज्ञात व्यक्ति सोने का चैन चोरी करते नजर आया। दुकान संचालक की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### बस की टक्कर से महिला घायल, किया गया रिफर

**राजपुर।** सोमवार को बस की चपेट में आने से एक वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल वृद्धा को प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि बरियों चौकी अंतर्गत ग्राम सिधमा घुटरापारा निवासी 60 वर्षीया करमतिया पति रामलाल आज सुबह घर से छठी कार्यक्रम में शामिल होने ग्राम ठरकी जा रही थी। राजपुर बस स्टैंड में महिला कुछ सामान लेने के लिए रुकी थी। इसी बीच सुबह 10 बजे रणबीर बस रणबीर ने महिला को चपेट में लिया। बस की टक्कर से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसके बाद उसे आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां स्थिति गंभीर देखते हुए अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया है। राजपुर पुलिस घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंचे जांच में जुट गई है।

### चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में युवक गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। एक साथ अपचारी समेत आठ आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही अब पुनः एक युवक को पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में उपयोग किए गए मोबाइल फोन व सिम कार्ड को बरामद किया है। बता दें कि सरगुजा में चाइल्ड पोर्नोग्राफी के खिलाफ पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। महिलाओं व बच्चों की अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया में अपलोड करने व वायरल करने के मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। वहीं अब पुलिस ने चाइल्ड पोर्नोग्राफी के मामले में शहर के सदर रोड कदम्मी चौक निवासी 28 वर्षीय अभिषेक गुप्ता को पकड़ा गया है। पुलिस ने युवक के मोबाइल फोन व सिमकार्ड को जब्त कर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के विरुद्ध धारा 67(बी) आईटी एक्ट, पोक्सो एक्ट की धारा 14 (1) के तहत अपराध दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली मनीष सिंह परिहार, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक उपेंद्र सिंह, शिव राजवाड़े, शामिल रहे।

## जिम्मेदारी के साथ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें: पगारे



हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरबा लोकसभा निर्वाचन के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे ने सोमवार को सेंट जोसेफ स्कूल बैकुंठपुर जाकर प्रशिक्षण ले रहे पीठासीन, मतदान अधिकारियों व माइक्रो आब्जर्वरों से रू-ब-रू हुए। श्री पगारे ने सेंट जोसेफ स्कूल में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में पीठासीन, मतदान अधिकारियों व माइक्रो आब्जर्वरों से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों से कई महत्वपूर्ण सवाल पूछे। उन्होंने प्रशिक्षण ले रहे कर्मियों से कहा कि बहुत जिम्मेवारी के साथ - साथ गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें। उन्होंने कर्मियों का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि लोकतंत्र के सबसे महापर्व में कार्य करने का अवसर पर मिलना महत्वपूर्ण है। आप लोग जिस तरह से प्रशिक्षण ले रहे हैं, आशा है कि मतदान दिवस 7 मई को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्वक शत-प्रतिशत मतदान होंगे। श्री पगारे ने कहा कि कोरबा लोकसभा संसदीय निर्वाचन के तहत तृतीय चरण के लिए मतदान होने में महज एक सप्ताह शेष हैं। ऐसे में आप सब लोग तेज गर्मी के बावजूद जिस उत्साह के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, इसी तरह 7 मई को अपने शालीन व्यवहार के साथ जिम्मेदारी पूर्वका निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत कार्य संपन्न करेंगे।

## गृहमंत्री का फर्जी वीडियो वायरल, नेताम ने दोषियों पर कार्रवाई करने पुलिस को दिया आवेदन



**अम्बिकापुर।** केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियों प्रसारित कर अफवाह फैलाने के उद्देश्य से सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में कृषि मंत्री रामविचार ने कोतवाली थाना में आवेदन देकर तेलंगाना कांग्रेस के पदाधिकारियों व एनसीपी नेता शरद पवार के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। कृषि मंत्री नेताम ने अपने आवेदन में उल्लेख किया है कि विगत दिनों तेलंगाना प्रवास के दौरान गृहमंत्री अमित शाह के चुनाव प्रचार के वास्तविक भाषण का कूटरचित वीडियों तेलंगाना कांग्रेस विंग द्वारा अपने अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर प्रसारित किया गया है। कूटरचित भाषण में उनके द्वारा कहा जा रहा है कि उनकी सरकार बनी तो वह आरक्षण को समाप्त कर देंगे। वीडियों का मूल रूप उपलब्ध है, जिसमें गृहमंत्री वास्तव में कह रहे हैं कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो हम गैर संवैधानिक मुस्लिम रिजर्वेशन को समाप्त कर देंगे। यह अधिकार तेलंगाना के एससी, एसटी, ओबीसी का है जो उनको मिलेगा और मुस्लिम रिजर्वेशन हम समाप्त कर देंगे। धर्म के आधार पर संविधान में आरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं है। केन्द्रीय गृहमंत्री का भाषण इसी परिप्रेक्ष्य में था, किन्तु तेलंगाना कांग्रेस द्वारा गृहमंत्री के वास्तविक बयान में कुटरचना कर वास्तविक वक्तव्य को बदल दिया गया है। तेलंगाना कांग्रेस द्वारा अपने अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियों को प्रसारित करने के बाद इसे डिलीट कर दिया गया। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा एससी, एसटी, ओबीसी समाज के आरक्षण जैसे संवेदनशील विषय में भ्रम फैलाकर वोट लेने के उद्देश्य से कूटरचित वीडियों प्रसारित किया गया है। उन्होंने तथ्यों के आधार पर तेलंगाना कांग्रेस पार्टी पदाधिकारी एवं उत्तरदायी एवं नेताओं के विरूद्ध धारा 153, 153-ए, 465, 469, 171-सी एवं धारा 66 सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई करने की मांग की हे।

### मुख्यमंत्री ने बलरामपुर जिला मुख्यालय में की चुनावी रैली, कहा- मुद्दा विहीन हुई कांग्रेस फैला रही भ्रम

# मोदी के पीएम बनते ही बंद हुई पाकिस्तान की गीदड़ भभकी: साय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आज आप यह अनुभव कर रहे है कि पाकिस्तान की गीदड़ भभकी बंद हो गई है। पहले की सरकार में पाकिस्तान रोज रोज भारत को गीदड़ भभकी देता था। हमारे देश के सैनिकों का सिर कलम कर सिर से फुटबॉल की तरह पाकिस्तान के सैनिक खेलते थे जो हमारे लिए शर्मिंदगी की बात थी। उस समय की सरकार शांतिवार्ता कर बात को खत्म कर देती थी लेकिन नरेंद्र मोदी के पीएम बनने के बाद दो बार के सर्जिकल व एयर स्ट्राइक से पाकिस्तान की गीदड़ भभकी बंद हो गई अब उसकी हिम्मत नहीं है कि वो हमें गीदड़ भभकी। सीएम श्री साय सोमवार को बलरामपुर जिला मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस व इंडिया गठबंधन पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने कहा कि पिछले विधानसभा चुनाव में आप कांग्रेस को सबक सीखा चुके है और सरगुजा संभाग से कांग्रेस का सूपड़ा साफ़ किया। यही वजह है कि पीएम नरेंद्र मोदी ने सरगुजा संभाग से आदिवासी को मुख्यमंत्री बनाने के साथ ही तीन कैबिनेट मंत्री दिए। इस बार भी लोकसभा चुनाव में संभाग के साथ प्रदेश में कांग्रेस का सूपड़ा साफ करना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आज मुद्दा विहीन हो गई है और जनता में गलतफहमी फैलाने का प्रयास कर रही है कि नरेंद्र मोदी अगर तीसरी बार पीएम बने तो देश से संविधान व आरक्षण को खत्म कर दिया जाएगा जबकि पीएम मोदी बोल चुके है कि आरक्षण खत्म नहीं होगा और हमारा संविधान भी बरकरार रहेगा। सीएम ने कहा कि कांग्रेस ने 75 वर्ष में 80 बार संविधान से खिलवाड़ किया है लेकिन अब हमारे ऊपर आरोप लगा रहे है क्यों कि उनके पास मुद्दा नहीं है। सीएम ने कहा कि महतारी वंदन का दो माह का पैसा हितग्राहियों को दे दिया है लेकिन वो कह रहे है कि चुनाव के बाद बंद हो जाएगा। मेरा वादा है कि जब तक सरकार में रहेंगे तब तक महतारी वदन योजना बंद नहीं होगा और पहले सप्ताह में एक हजार रुपए खाते में आगा। कांग्रेस हार नजर आने पर हमारे नेताओं के खिलाफ अनर्गल बात कर रही है। कांग्रेस ने पांच साल छत्तीसगढ़ को ठगने, 3 करोड़ जनता को छलने का काम किया। 2018 में जनता का विश्वास मिला लेकिन कांग्रेस ने 36 में से एक वादा भी पूरा नहीं किया और विधानसभा चनाव में उन्हें सत्ता से बाहर होना पड़ा। छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार, अपराध का गढ़ बना दिया गया। पांच साल सीएम रहने के बाद भूपेश बघेल पर महादेव सट्टा एप में प्रोटेक्शन मनी लेने के मामले में एफआईआर दर्ज है। हमारे बड़े नेताओं के बयान को तोड़ मरोड़ कर वायरल किया जा रहा है जिससे हमें सचेत रहना है। तीन माह में हमने मोदी गारंटी के वादों को पूर्ण किया है। चुनाव के बाद 18 लाख पक्का मकान बनने शुरू हो जाएंगे। तीसरी बार पीएम बनने पर 3 करोड़ और मकान देने का वादा किया है। हर गरीब को पक्का का छत होगा। पीएससी घोटाला व बिरनपुर हत्याकांड की जांच सीबीआई शुरू कर चुकी है। भ्रष्टाचार करने वालों पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। सीएम ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने का महत्वपूर्ण चुनाव है। एक वोट का योगदान नरेंद्र मोदी को पीएम बनाने में सरगुजा लोकसभा का भी होगा। कार्यक्रम को कैबिनेट मंत्री विचार नेताम, विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने भी संबोधित किया। इस दौरान विधायक राजेश अग्रवाल, चिंतामणी महाराज, कमलभान सिंह, रामकिशुन सिंह, अखिलेश सोनी, ओमप्रकाश जायसवाल, शिवनाथ यादव, गोपाल कृष्ण मिश्रा, जिपं सदस्य पुष्पा नेताम, धीरज सिंहदेव, दीनानाथ यादव आदि मौजूद थे।



29- APR-Jash-CORIYA-RAGH-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/29/2024 8:10 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## क्या भारत में बैन हो गई 'मंकी मैन'? आखिर कहां अटक गई देव की हॉलीवुड फिल्म



देश की अधिकतर प्रशासनिक मशीनरी के लोकसभा चुनाव में व्यस्त होने और बीते पखवाड़े लगातार छुट्टियां होने के चलते अभिनेता और निर्देशक देव पटेल की बहुचर्चित फिल्म 'मंकी मैन' के भारत में रिलीज होने की तारीख अब तक तय नहीं हो पाई है। हिंसा के अतिरेक से भरपूर फिल्म 'मंकी मैन' में हिंदू देवी देवताओं का जिक्र पश्चिमी देशों के नजरिये से किया जाना भी फिल्म के रास्ते में बड़ी बाधा है। जानकारी के मुताबिक अब तक फिल्म को सेंसर सर्टिफिकेट नहीं मिल पाया है। भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए हर विदेशी फिल्म को केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड जिसे आम बोलचाल में सेंसर बोर्ड कहा जाता है, में आवेदन करना होता है। यूनीवर्सल पिक्चर्स फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में रिलीज करने के लिए अरसे से बेताब रहा है और उसके स्थानीय अधिकारियों ने फिल्म को सेंसर बोर्ड में जरूरी कागजात के साथ जमा भी कर दिया है। लेकिन, सेंसर बोर्ड के सूत्र बताते हैं कि ये फिल्म अब तक परीक्षण समिति (एग्जामिनिंग कमेटी) ने देखी ही नहीं है। बताया तो यहां तक जाता है कि इसके लिए समिति का गठन होना ही शेष है। परीक्षण समिति के फिल्म देखने के बाद ही किसी फिल्म को उसकी कहानी व उसके नजरिये के मुताबिक सेंसर प्रमाण पत्र मिलता है। फिल्म 'मंकी मैन' का ट्रेलर हिंसा के अतिरेक से भरा हुआ और माना यही जा रहा है कि ये फिल्म भारत में 'केवल वयस्कों के लिए' प्रमाण पत्र के साथ ही रिलीज होगी। फिल्म 'एनिमल' अपने हिंसक दृश्यों के लिए हालांकि भारत में रिकॉर्ड सफलता हासिल कर चुकी है, लेकिन फिल्म 'मंकी मैन' की दिक्कतें और भी हैं। और, इसमें सबसे ऊपर जो दिक्कत बताई जा रही है, वह है हिंदू देवी देवताओं के संदर्भ। बीच में, अफवाह ये भी उड़ी थी कि फिल्म 'मंकी मैन' को भारत में प्रतिबंधित कर दिया गया है। ब्रिटेन में रहने वाले भारतीय मूल के अभिनेता देव पटेल इस फिल्म में अभिनय के साथ साथ इसका निर्देशन भी कर रहे हैं। यह उनकी बतौर निर्देशक पहली फिल्म है। फिल्म अमेरिका समेत दुनिया के तमाम दूसरे देशों मे रिलीज हो चुकी है। पर, फिल्म के भारत में रिलीज होने का रास्ता अब तक साफ नहीं हुआ।

### टॉलीवुड

## 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' का टीजर जारी, राउडी अंदाज भा गया



प्रभावशाली 'राउडी फेलो' और एक आकर्षक रोमांटिक-कॉम, 'चल मोहन रंगा' के साथ अपने निर्देशन की शुरुआत के बाद, प्रतिभाशाली निर्देशक कृष्णा चैतन्य ने अब एक रोमांचक नए उद्यम, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' के लिए युवा नायक विश्वक सेन के साथ मिलकर काम किया है। अपनी पिछली शैली से हटकर, निर्देशक और अभिनेता दोनों इस एक्शन से भरपूर फिल्म के साथ दर्शकों का दिल जीतने आ रहे हैं। इसी बीच फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने इसका टीजर जारी कर दिया है। टीजर लंकला रत्ना के चरित्र का एक मनोरंजक परिचय प्रदान करता है, जो नाटकीय रूप से साई कुमार के वॉयसओवर के साथ शुरू होता है। टीजर में, हम जबरदस्त एक्शन सीक्वेंस देखते हैं जहां विश्वक सेन का प्रदर्शन काबिल-ए-तारीफ है। आंध्र प्रदेश के लंका गांवों पर आधारित यह फिल्म कुछ गिरोहों के बीच झगड़े के बारे में लगती है। साथ ही इसके कुछ दमदार डायलॉग भी दर्शकों का खासा ध्यान आकर्षित कर रहे हैं। टीजर फिल्म के लिए काफी प्रत्याशा पैदा करता है। साथ ही एक अंधेरे और रोमांचकारी कथा की ओर इशारा करता है, जो राक्षसी दुनिया में लंकला रत्ना की गरीबों से अमीरी तक की यात्रा की पड़ताल करता है। युवान शंकर राजा के गहन पृष्ठभूमि स्कोर और अनिथ मधाडी के असाधारण दृश्यों के साथ, संपादक नवीन नूली की विशेषज्ञता से पूरित, 'गैंग्स ऑफ गोदावरी' एक सिनेमाई तमाशा का वादा करता है। कलाकारों में प्रमुख महिला के रूप में खूबसूरत नेहा शेट्टी और महत्वपूर्ण भूमिका में प्रतिष्ठित अंजलि शामिल हैं। सूर्यदेवरा नागा वामसी और साई सौजन्या द्वारा निर्मित, यह फिल्म कृष्ण चैतन्य के निर्देशन कौशल का एक नया पहलू दिखाती है, जो दर्शकों को एक महाकाव्य अनुभव देने के लिए तैयार है।

### भोजपुरी

## यश कुमार की 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' की शूटिंग हुई शुरू



भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने सितारे यश कुमार अपनी 100वीं फिल्म 'दिलदार सांवरिया 2' लेकर हाजिर हैं। उनकी पहली फिल्म 'दिलदार सांवरिया' भी लोगों को काफी पसंद आई थी। यश कुमार ने कहा- मेरी पहली फिल्म भी 'दिलदार सांवरिया' थी, जिसको दर्शकों ने खूब सराहा था और तब मैंने यह नहीं सोचा था कि एक दिन ऐसा आएगा जब हम अपनी 100 वीं फिल्म के रूप में अपनी पहली फिल्म का सीक्वल कर रहे होंगे। उन्होंने आगे कहा, 'लेकिन यह मेरे लिए बेहद सुखद अनुभूति वाला पल है कि हम एक और अच्छी फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं जो मेरी जिंदगी के लिए सबसे महत्वपूर्ण होने वाली है। यह दर्शकों के प्यार और आशीर्वाद के बिना संभव नहीं था। इसलिए मैं अपने दर्शकों से आग्रह करूंगा कि जब यह फिल्म भी रिलीज हो तो आप सभी इस सुपर-डुपर हिट बनाएं।' वहीं इस फिल्म को लेकर फिल्म के निर्देशक प्रमोद शास्त्री ने भी यश कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। फिल्म के मुहूर्त पर यश कुमार का आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि मुझे अपनी 100वीं फिल्म में निर्देशन का मौका देने के लिए आभार। हम कामना करते हैं कि आप भोजपुरी सिनेमा में ऐसे ही आने वाले लंबे समय तक काम करते रहें।

### लाइफ स्टाइल



**इंतजार नार्वे की बहार का**

नॉर्वेजियन फैशन वीक फरवरी में रद्द कर दिया गया लेकिन उम्मीद जताई जा रही है कि अगस्त में पूरी शान के साथ लौटेगा। यह आज नॉर्वेजियन फैशन के लिए नॉर्वे में सबसे बड़ा प्रदर्शन मंच है। आयोजकों ने उम्मीद जताई है कि भविष्य में और बेहतर ढंग से यह फैशन की दुनिया के सामने आएगा। फिलहाल नार्वे में मॉडल इंतजार कर रहे हैं फैशन वीक की तारीख घोषित होने की।

## वैक्सिंग के बाद रूखे हो जाते हैं हाथ-पैर तो इनका करें इस्तेमाल



गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों की त्वचा में भी कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। महिलाएं इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखती हैं, लेकिन फिर भी कुछ न कुछ परेशानी सामने आती रहती है। खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाती हैं। इसके लिए वैसे तो कई तरह की हेयर रिमूवल क्रीम बाजार में मिल जाती है, लेकिन महिलाओं को अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे सही विकल्प लगता है।

वैक्सिंग द्वारा बाल हटाने में काफी दर्द होता है, लेकिन इससे आपकी त्वचा के अनचाहे बाल पूरी तरह से साफ हो जाते हैं। कई बार ये देखा जाता है कि वैक्सिंग के बाद त्वचा काफी रूखी हो जाती है। ऐसे में आप कुछ चीजों का इस्तेमाल करके इस रूखेपन से राहत पा सकते हैं। इस लेख में हम आपको इन्हीं चीजों के बारे में बताएंगे, जिनके इस्तेमाल से आपकी त्वचा भी मुलायम हो जाएगी।

**घी:** त्वचा पर घी लगाने से स्किन की काफी परेशानी कम हो जाती हैं। अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा में जलन हो रही है, और त्वचा रूखी हो गई है, तो भी आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको तत्काल राहत मिलेगी।

**एलोवेरा:** एलोवेरा में मौजूद तत्व त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में वैक्सिंग के बाद आप अपनी त्वचा पर एलोवेरा लगा सकते हैं। इससे त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

**गुलाब जल और ग्लिसरीन :** इन दोनों चीजों को मिलाकर अगर आप त्वचा पर लगाएंगे, तो आपको स्किन के रूखेपन से राहत मिलेगी। ये त्वचा की कई अन्य परेशानियों को भी कम करने में मदद करता है।

**मलाई:** अगर आपके फ्रिज में मलाई रखी है, तो त्वचा को मुलायम बनाने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल कर सकती हैं। मलाई के इस्तेमाल से आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट हो जाती है और आप बार-बार रूखेपन से परेशान नहीं होंगे।

## सिंपल सलवार-सूट लुक को खास बनाने में मदद करेंगे पोंचे के ये डिजाइंस



फैशन

सूट लुक को खास बनाने के लिए डिजाइन और पैटर्न को बॉडी टाइप के अनुसार ही स्टाइल करना चाहिए। इसके लिए आप लेटेस्ट फैशन ट्रेंड पर नजर डालें। रोजाना पहनने हो या किसी ओकेजन के लिए कम्फ़र्टेबल लुक को कैरी करना हो। इसके लिए सलवार-कमीज बेस्ट ऑप्शन होता है। आमतौर पर कमीज के डिजाइंस में आपको काफी तरह की वेरायटी देखने को मिल जाएगी, लेकिन क्या आप जानती हैं कि स्टाइलिश दिखने के लिए आप सलवार को भी कस्टमाइज कर सकती हैं। सलवार के लिए आप इसके पोंचो पर काफी तरह के डिजाइन बनवा सकती हैं। तो चलिए देखते हैं सलवार के पोंचें के लिए कुछ खास डिजाइंस। साथ ही, बताएंगे आपने सलवार-कमीज लुक को स्टाइल करने के आसान टिप्स-

### पर्ल डिजाइन सलवार

पर्ल में आपको कई तरह के कलर ऑप्शन भी देखने को मिल जाएंगे। ज्यादातर इस तरह के मोती का इस्तेमाल पेस्टल कलर की सलवार में आप कर सकती हैं। इसके आलावा चाहे तो कट वर्क करके आप फैंसी लुक देने के लिए इस तरह से कई सारे पर्ल मोती को सलवार में लगवा सकती हैं। इसका पैकेट आपको 50 रुपये से भी कम में आसानी से मिल जाएगा।




### गोटा-पट्टी लेस डिजाइन सलवार

लेस वर्क को काफी तरह से कस्टमाइज करवाकर आप सूट की सलवार में लगवा सकती हैं। ज्यादातर इसका इस्तेमाल प्लेन फैब्रिक को थान से खरीदकर बनवाएं सूट को फैंसी लुक देने के लिए किया जाता है। इसमें आप चाहे तो आपस में मिलती-जुलती लेस का कॉम्बिनेशन बनवाकर पोंचे में लगा सकती हैं। इसमें आपको बारीक वाली किनारी लेस में काफी डिजाइन और कलर मिल जाएंगे।

### चिकनकारी डिजाइन सलवार

सलवार को क्लासी और फैंसी लुक देना चाहती हैं तो इस तरह से आप कढ़ाई वर्क का सहारा भी ले सकती हैं। कढ़ाई वर्क की बात करें तो गर्मी के मौसम में चिकनकारी कढ़ाई वर्क को काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। कमीज के अलावा आप पोंचे में रफल बनवाकर ऊपर चिकनकारी डिजाइन वाली सलवार को चुन सकती हैं।

## कलर्ड हेयर पर भूल से भी नहीं इस्तेमाल करने चाहिए ये इंग्रीडिएंट्स



कलर्ड हेयर आपके लुक को बेहद खास बनाते हैं। हालांकि, अगर आप अपने कलर्ड हेयर पर कुछ चीजों का इस्तेमाल करते हैं तो इससे कलर फेड हो सकता है या फिर उसे नुकसान हो सकता है।

हम सभी अपने लुक को समय-समय पर बदलना चाहते हैं और इसलिए अक्सर कुछ ना कुछ चेंज करते हैं। ऐसे में बालों को कलर करवाना बेहद ही आम है। बालों के कलर करवाने से आपका ओवर ऑल लुक चेंज हो जाता है। हालांकि, कलर्ड हेयर तभी अच्छे लगते हैं, जब इनकी सही तरह से केयर की जाए। कलर्ड हेयर पर किसी भी तरह के प्रोडक्ट या फिर होम रेमिडीज को अप्लाई करने से पहले अधिक ध्यान देने की जरूरत होती है।

दरअसल, ऐसे कई चीजें होती हैं, जिन्हें अगर कलर्ड हेयर पर इस्तेमाल किया जाता है तो इससे ना केवल बाल डैमेज होते हैं, बल्कि उनका कलर भी फेड होने लगता है, जिससे आपका लुक खराब हो जाता है। जानते हैं, कुछ ऐसे ही इंग्रीडिएंट्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आपको अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करने से बचना चाहिए-

**सिरका:** अक्सर लोग बालों को रिंस करने के लिए या फिर स्कैल्प बिल्डअप को क्लीन करने के लिए सेब के सिरके का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन अगर आप इसे बार-बार अपने कलर्ड हेयर पर अप्लाई करते हैं तो इससे आपके बालों का रंग फीका पड़ सकता है। जिससे आपके बाल बेजान नजर आ सकते हैं।

**बेकिंग सोडा:** अगर आपके कलर्ड हेयर हैं तो आपको बेकिंग सोडा का इस्तेमाल भी करने से बचना चाहिए। बेकिंग सोडा बहुत अधिक अल्कलाइन होता है और ऐसे में यह आपके कलर्ड हेयर को नुकसान पहुंचा सकता है।

यह बालों का प्राकृतिक तेल और रंग छीन सकता है, जिससे वे अधिक रूखे, कमजोर व बेजान नजर आ सकते हैं।

## सिंपल चूड़ियों की सेलिब्रिटी स्टाइल में करें सेटिंग, लोग करेंगे तारीफ



महिलाओं का श्रृंगार चूड़ियों के बिना अधूरा है। एक अच्छी और फैंसी लुक वाली चूड़ी आपके सिंपल-सोबर लुक में चार-चांद लगा देती है। बाजार में भी आपको तरह-तरह के पैटर्न और डिजाइन में चूड़ियां मिल जाएंगी। मगर सबसे ज्यादा मुश्किल होता है कि चूड़ियों की मैचिंग या सेटिंग को नया अंदाज देना। आज हम आपको कुछ सेलिब्रिटीज द्वारा की गई चूड़ियों की सेटिंग स्टाइल दिखाएंगे, जिन्हें देख कर आप भी उन्हेंज रीक्रिएट कर सकती हैं।

आजकल बाजार में आपको हर रंग की चूड़ियां मिल जाएंगी। अगर आपके आउटफिर में 1 से अधिक रंग हैं तो 2 सबसे अधिक नजर आने वाले रंगों की चूड़ियों को आप मिक्स -मैच करके पहन सकती हैं। मिक्स-मैच करने के लिए आप सिंपल और एक जैसे पैटर्न की चूड़ियां खरीदे और उन्हेंह बंच में एक हाथ में पहन लें।

हाथों में अगर आप 2 रंग की चूड़ियां पहन रही हैं, तो आधा दर्जन एक रंग की और आधा दर्जन दूसरे रंग की चूड़ी पहनें। बाजार में आपको बहुत से पैटर्न की चूड़ियां मिल जाएंगी मगर इस तरह से अगर आप चूड़ियों की सेटिंग कर रही हैं तो आपको वेल्वेएट, थ्रेड वर्क या मेटल की चूड़ियां ही खरीदनी चाहिए।


हरे रंग की चूड़ियों का फैशन कभी भी पुराना नहीं होता है और आप इन्हेंक किसी भी ट्रेडिशनल आउटफिट और किसी भी रंग के साथ पहन सकती हैं। खासतौर पर किसी त्यो हार या फिर शादी के फंक्शन में आप हरे रंग की चूड़ियों को स्टाइलिश अंदाज में पहनना चाहती हैं, तो आपको गोल्ड न मेटल या कांच की चूड़ियों के साथ उन्हें सेट करके पहनना चाहिए। आप चाहें तो सोने की चूड़ियों के साथ भी हरे रंग की कांच की चूड़ियां पहन सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

**मेन्स परफ्यूम में च्वाइस के साथ समझदारी भी जरूरी**

परफ्यूम हमारी पर्सनैलिटी को एक जबरदस्त बूस्ट देता है। ये आपको कॉन्फिडेंस देता है, कि तन की दुर्गंध पास आने वाले किसी शख्स को तंग नहीं करेगी। परफ्यूम की फ्रेग्रेंस न सिर्फ आपके स्टाइल स्टेटमेंट को दिखाता है, बल्कि आपकी अच्छी ग्रूमिंग की आदतों के बारे में भी संकेत देता है। लेकिन, ज्यादातर लोग परफ्यूम पसंद कैसे करते हैं? कुछ तो टीवी पर ऐड देखकर वो वाला परफ्यूम खरीदते हैं, जिसे लगाने के बाद लड़कियां पीछे भागती हैं। भले ही उसकी फ्रेग्रेंस उन्हें खुद पसंद नहीं आई। आईए, जानते हैं कि गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम कैसे खरीदा जाए।

## गर्मियों के मौसम में मेंस परफ्यूम खरीदते हुए रखें इन जरूरी बातों का ध्यान



### गर्मियों में कैसे परफ्यूम खरीदें?

गर्मियों के मौसम में बहुत तेज खुशबू वाले या गर्म मिजाज वाले परफ्यूम को लगाने से बचना चाहिए। जैसे, सर्दियों के मौसम के लिए हिना या मेहंदी की खुशबू वाले परफ्यूम बेस्ट हैं। लेकिन इनका इस्तेमाल गर्मियों के मौसम में नहीं करना चाहिए। गर्मियों में हल्की और भीनी खुशबू वाले परफ्यूम का प्रयोग करना चाहिए। इसकी फ्रेग्रेंस मन को शांत करे और रूमानी अहसास भी दे। अगर आप ऐसे परफ्यूम का चुनाव करते हैं, तभी परफ्यूम का पूरा आनंद ले सकेंगे।

### गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम

गर्मियों में बेस्ट मेंस परफ्यूम के लिए हर किसी की अपनी च्वाइस हो सकती है। लेकिन फिर भी हम आपको 3 ऐसे प्रोडक्ट्स के बारे में बता रहे हैं, जो लो बजट में भी प्रीमियम फील पाने में हेल्प कर सकते हैं।

### विलेन हाइड्रा यू डे परफ्यूम फॉर मेन

विलेन हाइड्रा परफ्यूम (यू डे परफ्यूम) गर्मियों के मौसम के लिए बेस्ट परफ्यूम में से एक है। इस शानदार परफ्यूम के टॉप नोट्स में लेमन, मिंट, ग्रेपफ्रूट की खुशबू आती है। जबकि मिडिल नोट्स में जैस्मिन, जायफल और व्हाइट फ्लावर का फील आता है। जबकि बेस नोट्स में व्हाइट मस्क, सीडर और चंदन की सुगंध आती है। ये परफ्यूम आपको लंबे समय तक तरोताजा और फ्रेश फील पाने में मदद करेगा।

### विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन



विलेन द जोकर यू डे परफ्यूम फॉर मेन कॉलेज गोइंग स्टूडेंट्स के लिए बेस्ट च्वाइस हो सकता है। इस परफ्यूम को न सिर्फ इंडोर बल्कि आउटडोर के लिए भी बेस्ट माना जाता है। इस परफ्यूम के बेस नोट्स में अंबरवुड, पिचूली, ओकमॉस और खस के नोट्स मिलते हैं।

## खबर संक्षेप



### स्कूली छात्राओं को कानून के नियमों से कराया गया अवगत

**बिश्रामपुर।** मानव जीवन में इन दिनों आपराधिक घटनाएं बढ़ती जा रही है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह कानूनी जानकारी नहीं होना माना जा रहा है। शासन-प्रशासन तो महिला सुरक्षा को लेकर कई तरह के योजना चलाई है लेकिन जानकारी के अभाव में हम उसका लाभ प्राप्त नहीं कर पाते हैं। उक्त बातें लटोरी चौकी प्रभारी अरविंद सिंह ने शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल लटोरी में गुड व बैड टच साइबर क्राइम की कार्यशाला में व्यक्त करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि कानून में आवश्यकतानुसार संशोधन करके महिलाओं को काफी अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने यहां पर उपस्थित छात्राओं को महिलाओं के सुरक्षा हेतु बनाए गए मोबाइल एप एप्लिकेशन के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि आपराधिक मानसिकता के लोग इन दिनों छोटे बच्चों को निशाना बनाने लगे हैं। जब महिलाएं अपने अधिकार को पूरी तरह समझ जाएंगी तब अपराध पर खुद नियंत्रण लग सकता है। इस दौरान महिला आरक्षक मुनेश्वरी पैकरा, स्कूल की प्राचार्य व सभी स्टाप के अलावे छात्राएं उपस्थित थीं।

### एसईसीएल द्वारा कई लाख रुपए खर्च कर लगवाई गई थी दो वाटर एटीएम मशीन


# नपं के समीप वाटर एटीएम बंद भीषण गर्मी में प्यास से लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

कई लाख रुपए की लागत से कोयलांचल में स्थापित कराई गई वाटर एटीएम मशीन अब शो पीस मात्र बनकर रह गई है। उक्त वाटर एटीएम स्थापना के कुछ महीनों बाद से सर्विस के अभाव में बंद पड़ गई है। विभागीय अधिकारियों की उदासीनता की वजह से भीषण गर्मी में आमजनों व राहगीरों को स्वच्छ पानी के लिए भटकने विवश होना पड़ रहा है। गौरतलब है कि करीब 4-5 वर्ष पूर्व शासन के मंशानुरूप एसईसीएल प्रबंधन द्वारा नगर के बस स्टैंड व नगर पंचायत प्रांगण में बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग किनारे लाखों रुपए की लागत से दो वाटर एटीएम मशीन की स्थापना कराई गई थी। योजना की मंशा यह थी कि आमजनों व राहगीरों को आसानी से शुद्ध पेयजल की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध हो सकेगी। बताया गया कि इनमें से एक वाटर एटीएम मशीन जो कि नगर पंचायत बिश्रामपुर प्रांगण में स्थापित की गई थी , कुछ महीनों बाद से तकनीकी कारणों से बंद पड़ी हुई है,

**खास बात**

- भीषण गर्मी में स्वच्छ पेय जल के लिए तरस रहे राहगीर




बंद वाटर एटीएम।

यहां पर लगाई गई वाटर एटीएम मशीन खराब पड़े रहने से इसका शटर भी हमेशा बंद रहता है, मरम्मत व सर्विस के अभाव में ये मशीन अब शो पीस मात्र बनकर रह गई है।अब केवल बस स्टैंड के समीप लगवाया गया वाटर एटीएम ही चालू हालत में है जिससे लोगों को कुछ राहत मिल रही है। नगर पंचायत प्रांगण में स्थित वाटर एटीएम मशीन बंद रहने से जहां एक ओर आमजन को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है वहीं दूसरी ओर लाखों रुपए की उक्त मशीन धूल फांकती नजर आ रही है। विभागीय अधिकारियों द्वारा उक्त वाटर एटीएम मशीन को पुनः मरम्मत व सर्विस कराकर शुरू कराए जाने की दिशा में कोई पहल नहीं किए जाने से आमजन में काफी नाराजगी व्याप्त है।स्थानीय लोगों का कहना है कि अमानक स्तर की वाटर एटीएम मशीन स्थापित कराकर संबंधित अधिकारियों द्वारा बड़े पैमाने पर राशि का गबन किया है। इसके अलावा नगर पंचायत प्रबंधन की जवाबदारी में संचालित गौरीशंकर मंदिर प्रांगण की वाटर एटीएम मशीन भी पिछले कई महीनों से धूल फांक रही है। यहां पर भी वाटर एटीएम मशीन बंद रहने आमजन को भीषण गर्मी में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा भीषण गर्मी में स्वच्छ पेय जल की आपूर्ति के लिए उक्त दोनों बंद पड़े वाटर एटीएम मशीन का मरम्मत कार्य कराकर शुरू कराए जाने की मांग की गई है, जिससे आमजन को कुछ राहत मिल सके।

### वार्षिक परीक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

**रामानुजगंज।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा में प्रथम तीन स्थान लाने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा समिति के अध्यक्ष सुभाष चन्द्र जायसवाल, उपाध्यक्ष अशोक केशरी, अजय केशरी, रमेश अग्रवाल, रमाकांत दुबे, प्राचार्य अजीत कुमार पांडेय, प्रधानाचार्य मनोज कुमार सिंह, राजकुमार ठाकुर सहित अभिभावक उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# अहंकार बुद्धि एवं ज्ञान का कर लेता है हरण



**भैयाथान।** व्यक्ति को अहंकार नहीं करना चाहिए। अहंकार बुद्धि और ज्ञान का हरण कर लेता है। अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है। विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कोईलारी में चल रही सात दिवसीय श्रमद् भागवत कथा के पांचवे दिवस आचार्य पंडित जय तिवारी ने यह बात कही। कथा में उन्होंने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया। श्रीकृष्ण जन्म का प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। कथा व्यास आचार्य श्री तिवारी ने कहा कि जब अत्याचारी कंस के पापों से धरती डोलने लगी तब भगवान कृष्ण को अवतरित होना पड़ा। सात संतानों के बाद जब देवकी गर्भवती हुई तो उसे अपनी संतान की मृत्यु का भय सता रहा था। भगवान की लीला वे स्वयं ही समझ सकते है। भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही जेल के सभी बंधन टूट गए और भगवान श्रीकृष्ण गोकुल पहुंच गए। पंडित जी ने कहा कि जब-जब धरती पर धर्म की हानि होती है, तब-तब भगवान धरती पर अवतरित होते हैं। कथा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होने पर पूरा पंडाल जयकारों से गूंजने लगा। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर कथा व्यास श्री तिवारी द्वारा प्रस्तुत नन्द के आनंद भयो जय कन्हैसयालाल भजन पर उपस्थित श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे तथा एक-दूसरे को श्रीकृष्ण जन्म की बधाईयां दी। इस दौरान खिलौने और मिठाइयां बाटी गई। इस दौरान महिलाओं ने भजन प्रस्तुत कर भगवान श्री कृष्ण के जन्म की खुशियां मनाई।

### श्याम भजन संध्या में कलाकार देंगे मनमोहक प्रस्तुति



**प्रतापपुर।** श्री श्याम भजन संध्या के भव्य आयोजन में बाहर से आए कलाकारों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति देंगे। आयोजन लखदातार परिवार द्वारा किया जा रहा है। आयोजन से जुड़े अंकुर सिंघल, अभिषेक गर्ग, अंकित, सुमित गुप्ता, अमन, शुभम मित्तल ने बताया कि भजनों की अनुपम प्रस्तुति सोनभद्र के संजीव शर्मा, कोलकाता का अभिषेक शर्मा, माधव और फतेहाबाद हरियाणा की मीणा मेहता द्वारा की जाएगी। तीनों ही श्री श्याम भजनों के बड़े गायक हैं और भक्त उनके भजनों में झूमने पर मजबूर हो जाते हैं। शक्ति के अभिषेक कथूरिया द्वारा बाबा का श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयोजन स्थानीय धर्मशाला स्कूल ग्राउंड में संपन्न होगी, जिसकी तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल होगें।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 18,500/-
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
20 मई से 02 जून 2024, 24 मई से 06 जून 2024, 26 मई से 08 जून 2024, 29 मई से 11 जून 2024 05 जून से 18 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ
डॉ. मोहित गुप्ता MD (Medicine), मधुमेह एवं हृदय रोग विशेषज्ञ सामान्य एवं जटील रोग विशेषज्ञ
डॉ. हेमन्त कुमार बी MBBS, DCH, DNB शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ किम्स हॉस्पिटल, आंध्रप्रदेश
डॉ. पूजा MBBS, DNB (OBGY & Gynae-दिल्ली), FMAS-Jaypee Hospital-नोएडा MRCOG (1) U.K., Ex. Sr. Dr. CIMS, बिलासपुर, Ex. Sr. Dr. JK Hospital- भोपाल, Ex. Spl (Obs & Gyn) NHM रायपुर स्त्री, प्रसुति एवं बांझपन रोग विशेषज्ञ
डॉ. आशीष कुमार जायसवाल एम.डी. फिजीशियन
डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय MBBS, DNB Ortho हड्डी रोग विशेषज्ञ
डॉ. मनोज भारती MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर, हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
मनोचिकित्सक एवं यौन रोग विशेषज्ञ
सैंदर्य बालों एवं चर्म रोग के विशेषज्ञ
डॉ. सुरभि BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology) दंत एवं मुख विशेषज्ञ
डॉ. हिमांशु गुप्ता MD ONCO कैंसर रोग विशेषज्ञ
डॉ. विकास गुप्ता MBBS, D-Ortho अस्थि रोग विशेषज्ञ
डॉ. जी के दामले MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ. संदीप गुप्ता MBBS, DCH मुंबई, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ भूतपूर्व चिकित्सक वाडिया चाईल्ड हॉस्पिटल मुंबई
डॉ. प्रवीन कुमार सिंह MBBS, MS, हाइड्रोसील, बवासीर हार्निया, फिस्टुला स्तन की गांठ
आडियोलॉजिस्ट & स्पीच थैरेपिस्ट
फिजियोथैरेपी एवं नैचुरोपैथी
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें 07774-222555, 9425583780, 9826183780 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

गौरव हॉस्पिटल
अपने लोगो को किफायती दरों पर, पूरी ईमानदारी के साथ, विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा देने का एक सपना जो वैसे तो आज अपनी नई बिल्डिंग का फर्स्ट ईयर सेलिब्रेट कर रहा है मगर आपकी सेवा में 10 साल बिता चुका है आप सभी का बहुत बहुत धन्यवाद




दिल से 10
10 वर्षों की सफलता



डॉ. शिफा असलम
एम.एस. (ऑफ्थेलमोलॉजी)
फेको, फेलो शंकर नेत्रालय, चेन्नई
सीनियर सर्जन,
साधुराम आई हॉस्पिटल, हैदराबाद



डॉ. असलम आरिफ
एम.डी., डी.एन.बी. (कार्डियोलॉजी),
एफएससीएआई, एफईएससी,
पूर्व सीनियर हृदयरोग सलाहकार,
मेडीसीटी हॉस्पिटल, हैदराबाद,
(हृदय रोग विशेषज्ञ)
Gaurav Hospital
ईमानदार कोशिश... हमेशा!
गौरव सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के QR कोड को स्कैन करिये एवं स्वस्थ सम्बन्धी सभी जानकारी पायें।
62 63 13 14 90
AdPRAYAS
स्थान: होली क्रॉस स्कूल के सामने, मंगला चौक, बिलासपुर (छ.ग.)